DATE :- 15-05-2026

DAINIK BHASKAR, PAGE-02, SURAT

सिटी एंकर प्रोग्रेस रिपोर्ट जारी, मेट्रो प्रोजेक्ट के 75% हिस्से का काम पूरा हो चुका है

मेट्रो कॉरिडोर-2 पर भी ट्रायल शुरू, 500 घंटे चलेगी ट्रेन, तकनीकी से लेकर सुरक्षा तक सभी परीक्षण किए जाएंगे

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

सूरत मेट्रो के कॉरिडोर-2 पर भी मेट्रो ट्रेन का ट्रायल शुरू कर दिया गया है। गुरुवार को मेट्रो ट्रेन भेसाण से अडाजन तक दौड़ाई गई। मेट्रो रेल प्रशासन ने बताया कि प्रोजेक्ट का 75% से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। 12,020 करोड़ रुपये से साकार हो रहे इस प्रोजेक्ट में 40.35 किमी लंबा मेट्रो नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। कॉरिडोर में 38 मेट्रो स्टेशन तथा दो डिपो (ड्रीम सिटी और भेसाण) शामिल हैं। कॉरिडोर-1 में ड्रीम सिटी से अलथाण टेनामेंट के बीच 8.5 किमी रूट और 7 स्टेशनों पर 29 मार्च 2026 से ट्रायल रन शुरू किया गया था। इसमें विभिन्न तकनीकी परीक्षण और सुरक्षा जांच की प्रक्रिया जारी है।

ट्रायल प्रक्रिया के दौरान मेट्रो ट्रेन का लगभग 500 घंटे तक संचालन किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न तकनीकी और सुरक्षा संबंधी परीक्षण किए जाएंगे।

▪ 6.5 किमी लंबे कॉरिडोर पर ट्रायल | कॉरिडोर-2 में 6.5 किमी रूट और 7 स्टेशनों के स्ट्रक्चर का काम पूरा होने के बाद गुरुवार से यहां भी ट्रायल रन शुरू कर दिया गया है।

▪ ट्रायल के बाद RDSO सहित अन्य नियामक संस्थाएं निरीक्षण करेंगी

अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक परीक्षणों के बाद RDSO सहित अन्य नियामक संस्थाओं द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। इसके पश्चात CMRS द्वारा अंतिम सुरक्षा निरीक्षण और मंजूरी मिलने के बाद यात्रियों के लिए मेट्रो सेवा शुरू किए जाने का मार्ग प्रशस्त होगा।